पत्रांक- ब15/बी०एस०जी०-221/2025...831.../वि0

# बिहार सरकार

## वित्त विभाग

प्रेषक,

**रचना पाटिल,** भा0प्र0से0
सचिव (व्यय)

सेवा में,

**सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव**
**सभी विभागाध्यक्ष/सभी नियंत्री पदाधिकारी।**
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक 10.11.2025

**विषयः-** **स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्राक्कलन तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट प्राक्कलन तैयार कर वित्त विभाग को उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश।**

**प्रसंगः-** **वित्त विभागीय पत्रांक-742, दिनांक-22.09.2025 ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्राक्कलन तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट प्राक्कलन तैयार कर दिनांक- 20.10.2025 तक वित्त विभाग को उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश निर्गत किया गया है ।

2. उक्त वित्त विभागीय दिशा-निर्देश के अनुरूप कतिपय विभागों द्वारा स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्राक्कलन की हार्ड प्रति संचिका के माध्यम से वित्त विभाग को उपलब्ध करायी है । परन्तु, अबतक किसी विभाग द्वारा उक्त बजट प्राक्कलन की सॉफ्ट प्रति सी.एफ.एम.एस. के माध्यम से उपलब्ध नहीं करायी गयी है ।

3. उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्राक्कलन के तैयारी की यह प्रारंभिक चरण है तथा इसके उपरान्त कई चरण यथा - स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद के निर्धारण हेतु बैठक, निर्धारित राशि की प्रविष्टि, राज्य के संसाधन का अनुमान, प्राप्तियों की प्रविष्टियां, उद्व्यय हेतु उपलब्ध राशि का निर्धारण, उद्व्यय के अनुरूप स्कीम बजट की प्रविष्टियां, मंत्रिपरिषद् के अनुमोदन के उपरान्त बजटीय पुस्तिकाओं के मुद्रण एवं बिहार विधान मंडल में बजट पुस्तिकाओं के उपस्थापन आदि को पूर्ण किया जाना होता है। इन चरणों के सम्पादन हेतु अत्यंत अल्प समयावधि होती है ।

4. अतः अनुरोध है कि प्रासंगाधीन पत्र में निहित दिशा-निर्देश के अनुरूप निर्धारित विहित प्रपत्रों में सभी सूचनाओं एवं आंकड़ों की प्रविष्टि CFMS 2.0 में करते हुए बजट प्राक्कलन की हार्ड प्रति **दिनांक-15.11.2025** तक बजट शाखा, वित्त विभाग को प्रेषित करना सुनिश्चित करने की कृपा की जाए ।

5. वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्राक्कलन के सी.एफ.एम.एस. में प्रविष्टि अथवा वित्त विभाग को प्रेषण के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई की स्थिति में विभागीय एडमिन के यूजर आई.डी. के साथ बजट शाखा अथवा श्री दीपक कुमार (मो० नं०-9430247980), टी.सी.एस. प्रतिनिधि से सम्पर्क किया जा सकता है ।

विश्वासभाजन

10.11.25

**(रचना पाटिल)**

सचिव(व्यय)।